आवश्यक

नगरपालिका आम चुनाव, 2022

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या -न.नि.50-229/ 2022 -6243

प्रेषक,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
(जहाँ द्वितीय चरण का मतदान होना है)
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक।
(जहाँ द्वितीय चरण का मतदान होना है)

पटना, दिनांक – 21.12.22

विषय : नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के द्वितीय चरण के मतदान के निमित्त पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति करने एवं बल प्रतिनियुक्ति योजना (Force Deployment Plan) का प्रेषण।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 4592 दिनांक 30.09.2022 एवं बैठक की कार्यवाही संसूचित ज्ञापांक 6093 दिनांक 16.12.2022

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा नगरपालिका के वार्ड पार्षद के अतिरिक्त मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद के प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं द्वारा निर्वाचित किये जाने के कारण नगरपालिका निर्वाचन में इसकी वृहदत्ता, जटिलता एवं संवेदनशीलता तथा ई.वी.एम. से कराये जा रहे मतदान को दृष्टि में रखते हुए सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति हेतु मानक सिद्धान्त के संबंध में विस्तृत निदेश दिये गये हैं।

विदित हो कि दिनांक 14.12.2022 को माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त महोदय के साथ हुये विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुये बैठक की कार्यवाही संसूचित ज्ञापांक 6093 दिनांक 16.12.2022 के क्रमांक -1 अन्तर्गत भी बल प्रतिनियुक्ति योजना (Force Deployment Plan) प्रेषित करने का निदेश दिया गया है। ज्ञातव्य है कि **दिनांक 28.12.2022 को** 23 जिलों में द्वितीय चरण का मतदान कराया जाना है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से **द्वितीय चरण के मतदान से संबंधित** बल प्रतिनियुक्ति योजना (Force Deployment Plan) का प्रेषण **दिनांक 23.12.2022 को अपराह्न 5.00 बजे तक** उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,
21/12/22
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

21.12.22

ज्ञापांक – न.नि.50-229/ 2022 - 6243 पटना, दिनांक - 21.12.22

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को पत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक –न.नि.50-125/ 2022 – 6243 पटना, दिनांक - 21.12.22

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/ सभी पुलिस महानिरीक्षक/ सभी पुलिस उप महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक –न.नि.50-125/ 2022 – 6243 पटना, दिनांक - 21.12.22

प्रतिलिपि प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक –न.नि.50-125/ 2022 – 6243 पटना, दिनांक - 21.12.22

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार एवं पुलिस महानिदेशक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।